प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र / पी0पी0पी0 मोड,
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2025 / 10818 **लखनऊः दिनांकः** 13-02-2025

विषयः <u>शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं की पाठ्यचार्य पूर्ण कराये जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10313, दिनांकः 17.01.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिषद की सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित होने के दृष्टिगत दिनांकः 31.05.2025 तक प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र / छात्राओं की अतिरिक्त कक्षाएं एवं ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कराते हुए पाठ्यचर्या पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के अनुक्रम में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि परिषद की सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित होने के दृष्टिगत दिनांकः 31.05.2025 तक प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र / छात्राओं की सार्वजनिक अवकाश में अतिरिक्त कक्षाएं ऑनलाइन / ऑफलाइन के माध्यम से एवं कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10 बजे से पूर्व तथा अपराह्न 05 बजे के बाद भी ऑनलाइन / ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित कराते हुए पाठ्यचर्या पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10819-821 **तद्दिनांकः** 13-02-2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र / पी0पी0पी0 मोड,
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2025 / 10313 **लखनऊः दिनांकः** 17-01-2025

विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं की पाठ्यचार्य पूर्ण कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10092, दिनांकः 07.01.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2024–25 में प्रवेशित नवीन / प्रथम वर्ष के छात्र / छात्राओं (वार्षिक पद्धति (वार्षिक परीक्षा (डी0 फार्मा)) की कक्षाऐं दिनांकः 08.01.2025 से संचालित कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

सूच्य है कि पूर्व से अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं की कक्षाऐं परिषद द्वारा पूर्व में निर्धारित शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार दिनांकः 12.08.2024 से संचालित हो रही है तथा परिषद की डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में होना प्रस्तावित है, किन्तु डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में छात्र / छात्राओं का प्रवेश विलम्ब से होने के कारण कक्षाऐं दिनांकः 08.01.2025 से संचालित की जा रही है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि परिषद की सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित होने के दृष्टिगत दिनांकः 31.05.2025 तक प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र / छात्राओं की अतिरिक्त कक्षाएं एवं ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कराते हुए पाठ्यचर्या पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10314-316 **तद्दिनांकः** 17-01-2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव